# अल्पसंख्यक कल्याण, निदेशालय

620, इन्दिरा भवन, उ0प्र0, लखनऊ।

दिनांकः 12/12/23

पत्रांक 4300 अ0सं0क0नि0/2023

सेवा में,

समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः–हज–2024 का प्रचार–प्रसार ज़िलों में किये जाने एवं हज ई–सुविधा केन्द्र स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 राज्य हज समिति के पत्र संख्या जी–।।/3362/एस0एच0सी/2023 दिनांक 05.12.2023 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। हज–2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाईट **www.hajcommittee.gov.in** पर दिनांक 04.12.2023 से आरम्भ हो चुका है।

उक्त पत्र के माध्यम से ज़िला स्तर पर हज यात्रियों की सुविधार्थ गत वर्षों की भांति हज ई–सुविधा केन्द्र प्रतिष्ठित अनुदानित मदरसों/मान्यता प्राप्त मदरसों व सामाजिक संस्थाओं पर स्थापित कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया था, जहां पर इच्छुक हज आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन करने व प्रपत्रों को अपलोड कराये जाने की सुविधा उपलब्ध कराई जानी है।

उक्त के कम में आपको निर्देश दिये जाते हैं कि समस्त ज़िलों में हज ई–सुविधा केन्द्र प्राथमिकता के आधार पर स्थापित करायें तथा उसका प्रचार–प्रसार जिले के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों आदि में भी करायें ताकि कोई भी इच्छुक आवेदक समयन्तर्गत सूचना के अभाव में हज आवेदन करने से वंचित न रह जाये। हज आवेदन हेतु विस्तृत गाइडलाइंस उक्त पत्र के माध्यम से आपको प्रेषित किया गया था।

अतः कृत कार्यवाही से सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य हज समिति को उनके ई–मेल आई.डी. **shcuplko@rediffmail.com** पर प्रत्येक हज ई–सुविधा केन्द्र का नाम, पता, सम्पर्क अधिकारी/कर्मचारी का नाम, मोबाइल नम्बर व ई–मेल आई.डी. की सूची उपलब्ध करायें ताकि भविष्य में भी हज यात्रा से सम्बन्धित सूचनाओं का आदान–प्रदान किया जा सके।

भवदीय

J. Reeba
12/12/2023

(जे0 रीमा)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति को मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति को।
4. अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. ज़िलाधिकारी समस्त जनपद।
6. रजिस्ट्रार, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, उ0प्र0 को इस आशय से कि अपनी ओर से समस्त मदरसों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

(जे0 रीमा)
निदेशक